हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 शिक्षकों को शैक्षिक उपयोग की विस्तारपूर्वक समझाईं गई विधियां



## खबर संक्षेप

### महिला सशक्तिकरण के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति की शुरूआत की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 1 स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु आवेदन 11 अगस्त कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### स्वच्छता के संग थीम पर 15 तक होंगे विभिन्न आयोजन

**सक्ती।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 15 अगस्त, तक तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' थीम पर आधारित होगा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने अभियान की आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। कलेक्टर ने संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार निम्नानुसार गतिविधियों संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, कार्पोरेट और निजी संगठनों को भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

### हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं लेटरल एण्ट्री के आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 26 सीट के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। प्राचार्य भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना एवं आयु सीमा 1 जुलाई को 15 से 23 वर्ष एवं एससी, एसटी अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु गणित, भौतिकी एवं रसायन विषय सहित 12वीं की परीक्षा के साथ वस्त्र प्रौद्योगिकी में 10वीं व 12वीं परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होंगे।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक

# कार्यों का समय पर पूरा न होना चिंता का विषयः साय



हेलीपेड पर सीएम का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।



अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक में चर्चा करते मुख्यमंत्री।



स्टॉल भ्रमण के दौरान सीएम को राखी बांधती स्वच्छता दीदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक ली। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के प्रतियोगी परीक्षा में तैयारी की कोचिंग के लिए 50 लाख की मदद करने के साथ ही पायलेट बनने के लिए भी हर साल 5 युवाओं को प्राधिकरण की ओर से 15-15 लाख की मदद करने का फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों को सभी कलेक्टर्स गंभीरता से लें और उन्हें उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों के वर्षों से लंबित रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भले ही प्राधिकरण के कार्यों की राशि कम हो, लेकिन उनका सामाजिक महत्व अत्यंत बड़ा है। इन कार्यों का समय पर पूर्ण न होना चिंता का विषय है। बैठक को उप मुख्यमंत्री अरुण साव और अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब ने भी संबोधित किया। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्राधिकरण सदस्यों के प्रस्तावों के आधार पर 49 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के विकास एवं हितग्राही मूलक कार्यों का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर मंत्री दयाल दास बघेल, लखन लाल देवांगन, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक पुन्नूलाल मोहले, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दिलीप लहरिया, श्रीमती शेषराज हरवंश, श्रीमती उतरी गणपत जांगड़े, श्रीमती कविता प्राण लहरे, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सहित रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के आयुक्त, आईजी एवं 17 जिलों के कलेक्टर उपस्थित थे।

## समूह की दीदियों ने मुख्यमंत्री को बांधी तिरंगा राखी

मुख्यमंत्री ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान स्व-सहायता समूह की स्वच्छता दीदियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव को तिरंगा राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वच्छता शपथ पोस्टर पर हस्ताक्षर भी किए। स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिले के पामगढ़ विकासखंड के मलखंभ खिलाडियों ने शारीरिक संतुलन व परंपरागत कला का प्रदर्शन दिया। मुख्यमंत्री ने रेशम विभाग द्वारा प्रदर्शित स्वचलित चरखा एवं वस्त्र निर्माण की विधि का भी अवलोकन किया तथा समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन करने उनसे संवाद किया। कार्यक्रम स्थल पर जिला हथकरघा, ग्रामोद्योग विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा लगाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने। मुख्यमंत्री श्री साय ने इन स्टॉलों का निरीक्षण कर स्थानीय उत्पादों की सराहना की और समूहों को प्रोत्साहित किया।

## हेलीपेड में नन्ही सृष्टि को गोद में लेकर दुलारा



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का नेतृत्व केवल जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी सहजता, आत्मीयता और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण व्यवहार ने उन्हें जन-जन के हृदय में विशेष स्थान दिलाया है। जिले में आगमन के दौरान हेलीपेड पर ऐसा ही एक क्षण सामने आया, जब मुख्यमंत्री ने नन्ही बच्ची सृष्टि को गोद में उठाकर स्नेह से दुलारा। किसान योगेंद्र पांडेय अपनी तीन वर्षीय पुत्री सुश्री सृष्टि पांडेय को लेकर ग्राम भड़ेसर से विशेष रूप से मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे थे। जब मुख्यमंत्री श्री साय की दृष्टि मासूम बच्ची सृष्टि पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत आत्मीय मुस्कान के साथ निहारा और उसे स्नेह से अपनी गोद में उठा लिया।

## सेवा सहकारी समिति प्रबंधक को हटाने ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट




कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सेवा सहकारी समिति ओड़ेकेरा में पदस्थ प्रभारी संस्था प्रबंधक को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञात हो कि जैजैपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत ओड़ेकेरा के सेवा सहकारी समिति प्रभारी संस्था प्रबंधक को हटाने की मांग जिला कलेक्टर से हटाए जाने की मांग की गई है। इसे लेकर ग्रामीण गुरूवार 7 अगस्त को कलेक्टोरेट ण्पहुंचे। शिकायत कलेक्टर सक्ती से किया गया है ग्रामीणों ने बताया कि ओड़ेकेरा के प्रभारी संस्था प्रबंधक द्वारा किसानों से दुर्व्यवहार, धान बीज, खाद्य एवं केसीसी समय पर नहीं दिया जाता। साथ ही किसानों को बार-बार संस्था प्रबंधक द्वारा घुमाया जाता है जिससे ओड़ेकेरा के किसान परेशान हैं। प्रभारी संस्था प्रबंधक को हटाने के लिए पूर्व में कई बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन अधिकारियों के द्वारा उचित कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते संस्था प्रबंधक का मनोबल बढ़ा हुआ है। जिससे किसान काफी परेशान है किसानों का कहना है कि प्रभारी संस्था प्रबंधक को तत्काल हटाकर दूसरा संस्था प्रबंधक व्यवस्था करने की मांग किया गया है। किसानों का कहना है कि संस्था प्रबंधक को जल्द नहीं हटाने पर आगे आंदोलन की बात कही गई। इसे लेकर ग्राम ओड़ेकेरा के किसान एवं ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

## ढाबा में रखी थी अवैध शराब, गिरफ्तार

**फगुरम।** ढाबा में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले संचालक के कब्जे से 24 देशी प्लेन शराब व 5 बीयर की जब्ती बनाई गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। 7 अगस्त को सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल को दुर्गेश ढाबा एनएच 49 49 थाना सक्ती में अवैध रूप से शराब बेचने की मुखबिर सूचना मिली। टीम ने दुर्गेश ढाबा की जांच में कांउटर में छिपाकर रखे 24 नग देशी प्लेन पाव और फ्रिज में छिपा कर रखा 5 नग थंडरबोल्ट बीयर को बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34(2) 59 के तहत प्रकरण दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## डीजीपी ने ली 4 जिलों के एसपी एवं राजपत्रित अधिकारियों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते डीजीपी अरूण देव गौतम।

प्रदेश के पुलिस महानिर्देशक ने बिलासपुर रेंज के 4 जिलों के एसपी एवं राजपत्रित अधिकारियों की क्लास ली। इस दौरान नए कानून के बेहतर क्रियान्वयन के साथ साथ लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

प्रदेश के पुलिस महानिर्देशक अरूण देव गौतम ने गुरूवार 7 अगस्त को बिलासपुर रेंज अंतर्गत आने वाले 4 जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं राजपत्रित अधिकारियों की क्लास ली। इस मीटिंग में बिलासपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस अधीक्षक जांजगीर विजय कुमार पाण्डेय, कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, जिला सक्ती पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, सारंगढ़ भिलाईगढ़ एसपी अंजनेय वार्ष्णेय एवं जिले के राजपत्रित अधिकारीगण उपस्थित रहें जिनके कार्यों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा ने दिया जिले की कानून व्यवस्था, अपराधों पर नियंत्रण, डिटेक्शन और विजिबल पुलिस तथा सामुदायिक पुलिसिंग के द्वारा किए जा रहे कार्यो का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। पुलिस महानिदेशक द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम, चेतना अभियान को संस्थागत करने, फिंगरप्रिंट नाफिस की उपयोगिता एवं जिले के बीट सिस्टम को और प्रभावी करने, नए कानून के बेहतर क्रियान्वयन, सीसीटीएनएच, ई साक्ष्य, ई समन के विवेचना में अधिक से अधिक उपयोग के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस महानिदेशक द्वारा कार्यों की भी की गई समीक्षा कर कार्य योजना की जानकारी ली गई। सभी उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों को उनके प्रथम पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में थाना के एरिया में घटित अपराधों के घटना स्थल पर तत्काल पहुँचने और शीघ्र कार्यवाही करने और फरियादी की आवश्यक रूप से सुनवाई करने के लिए एक निश्चित व्यवस्था, समंस व वारंट, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग सभी पुराने नए प्रकरण का निरकारण करने निर्देशित किया गया,एवं सभी पुलिस की बेहतर छवि और समर्पण के साथ कानून और नियम का पालन कर उल्लेखनीय कार्य करने निर्देश दिए गई।

## बिर्रा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार, मरीजों के जान के साथ कर रहे खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

**खास बात**
- कार्रवाई नहीं हो पाने के चलते हौसले होते जा रहे बुलंद

बिर्रा क्षेत्र में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई है। झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है। वहीं इस पर कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद होते चले जा रहे है।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह ब्लॉक के बिर्रा इलाके में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई है। हर 100 मीटर की दूरी पर एक झोलाछाप डॉक्टर तामझाम के साथ क्लीनिक संचालित कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे कई मामले पूर्व में सामने आ चुके है. इतना ही नहीं ग्रामीणों व जागरूक जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने से अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। बिर्रा में बंगाली डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों के संरक्षण में क्लीनिक खोल डॉक्टर बनकर गंभीर बीमारियों का इलाज करने लगे है, जबकि इनके पास न तो संबंधित योग्यता है और न ही उपचार संबंधी लाइसेंस है। वही लम्बे समय से सस्ती दवाई दिलाने के नाम पर गरीबों का इलाज कर रहे हैं, कई बार तो मामला गंभीर हो जाता है। जिसमें मरीजों को गंभीर हालत में शासकीय एवं निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि झोलाछाप बंगाली डॉक्टर द्वारा प्रतिबंधित गर्भपात की दवा, बीपी शुगर की दवा, इंजेक्शन सीरिंज और कई कार्टून दवाइयां जिसमें ज्यादातर दवाएं मौसमी बिमारी के साथ सामान्य रोगों के उपचार के लिए उपयोगी है।

**करेंगे कार्रवाई**

झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। शिकायत के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ आजमबर सिंह सिसोदिया, बीईओ, बम्हनीडीह

## जोबी से पीथमपुर आवागमन करने वालो को हो रही दिक्कतें

# चक्काजाम व आंदोलन के महीने भर बाद भी सड़क की हालत बद से बदतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चक्काजाम एवं आंदोलन करने के महीने भर बाद भी जोबी पीथमपुर मार्ग की सडक की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। वही मामले को लेकर अफसरो के द्वारा तत्काल पहल करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसके कारण लोगो को मजबुरन बदहाल सडक से होकर आवागमन करने की मजबुरी बनी हुई है।

विदित हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से जोबी होते हुए पीथमपुर जाने वाले सडक की स्थिती बद से बदतर हो चली है। इस तरह की समस्या विगत पांच सालों से बनी हुई है। इसके बाद भी सडक मरम्मत पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। खासबात यह है कि जोबी पीथमपुर बदहाल सडक की मरम्मत कार्य कराने को लेकर महीने भर पहले जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा चक्काजाम भी किया गया था। चक्काजाम हो हुए महीने भर बीत गए, इसके बावजूद सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसके चलते लोगों को परेशानियां हो रही है। जोबी जर्वे मार्ग के माध्यम से लोग पीथमपुर, पिसौद, हथनेवरा, बिरगहनी, उदयबंद सहित गांवों की ओर आवाजाही करते है, लेकिन सड़क की हालत खराब होने के कारण आने जाने में परेशानी हो रही है। ऊपर से विभाग के अधिकारियों द्वारा सड़क की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं जब विधायक एवं ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया गया था, उस दौरान सड़क की तत्काल मरम्मत की बात कही गई थी, लेकिन महीने भर बीत जाने के बाद भी सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसका खामियाजा आने जाने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। खासकर वाहन चालकों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



जोबी-पीथमपुर सड़क की हालत जर्जर।



**खबर संक्षेप**

## सावन माह के अंतिम सोमवार को मनाया गया श्रावण महोत्सव



**खरौद**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमशांति भवन सेवाकेंद्र खरौद में श्रावण मास की अन्तिम सोमवार को श्रावण महोत्सव मनाया गया। पवित्र श्रावण मास में प्रतिदिन द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी का दर्शन कर श्रद्धालुगण वरदान एवं आशीर्वाद प्राप्त किये। हजारों लोग दर्शन लाभ प्राप्त कर अपना जीवन सफल किया। सोमवार 4 अगस्त को सेवा केन्द्र के भाई बहनों एवं महिला पार्षदों ने मिलकर श्रावण उत्सव का आनन्द लिया। मेलाराम कश्यप, उनकी धर्मपत्नी पार्षद श्रीमती दीपशिखा यादव,गेंदबाई आदित्य, नीलम यादव आयोजन में शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं भगवान शिव की आरती के साथ किया गया। श्री शंकर पार्वती की जीवंत झांकी सजाई गई जिसमें कुमारी भूमिका शंकर के रूप में एवं कुमारी इशिका, माता पार्वती के रूप में सुशोभित थी। श्रावण झूले के साथ ही रास,गरबा नृत्य आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। खरौद सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु.मंजू दीदी ने सभी को भोग प्रसाद वितरण किया एवं शिव जी की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि परमात्मा शिव ज्योति बिन्दु स्वरूप हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता बहन, अनीता बहन, चन्द्रकान्ता बहन, सीता बहन, मीनू बहन, योगी भाई, बिहारी भाई, तोमन भाई,धनसाय भाई ने सहयोग प्रदान किया।

## पूर्व माध्यमिक शाला सिंघलद्वीप में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित



**तनौद**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघलद्वीप में पालक शिक्षक बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों के अभिभावक शामिल हुए। उपस्थित पालकों को प्रभारी प्रधान पाठक रमेश कुमार कैवर्त्य द्वारा छात्र हित में किए जा रहे कार्यों के अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य जांच एवं दवाई वितरण, घर का वातावरण, पढाई कोना, छात्र की दिनचर्या, साफ सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, बस्ता रहित शनिवार, छात्र की अकादमिक प्रगति व मासिक इकाई परीक्षा, आय जाति निवास के बारे बताकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई । इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण आशीष कुमार साहू, नीलम कुमार जोगी, श्रीमती अनिता कुर्रे एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

**निधन**

### श्रीमती रोहिणी थवाईत



**जांजगीर चांपा**। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रामगोपाल थवाईत की पत्नी श्रीमती रोहिणी थवाईत का 74 वर्ष की आयु में गुरुवार 7 अगस्त को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा स्टेशन रोड स्थित निवास से रानीतालाब मुक्तिधाम जांजगीर के लिए शुक्रवार 8 अगस्त को सुबह 10.30 बजे निकलेगी। वे बबलू टीवी सेंटर के संचालक आनंद थवाईत (बबलू) की माता थीं।

### झुमुक लाल कश्यप



**गोधना**। आदर्श ग्राम गोधना के प्रतिष्ठित नागरिक झुमुक लाल कश्यप का सोमवार 4 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया । वे रामायण के बहुत प्रेमी व्यक्ति थे। उनका अंतिम संस्कार नैया भाठा मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र जयप्रकाश कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है।

### स्टोन वर्क, सिल्क थ्रेड और मोती वाली राखियों की मांग अधिक

# रक्षा बंधन को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षा बंधन इस बार शनिवार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर राखी की दुकानें सज गई है। दुकानों में ग्राहकों की चहल-पहल देखी जा रही है। इस बार बाजार में बच्चों के लिए कार्टून वालों राखियों की भरमार है। वहीं बड़ों के लिए स्टोन वर्क, सिल्क थ्रेड और मोती वाली राखियों की मांग अधिक है।

रक्षाबंधन का पर्व नजदीक आते ही शिवरीनारायण नगर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। नगर के प्रमुख बाजारों बॉम्बे मार्केट, नटराज चौक,अंबेडकर चौक, थाना मोड़, मंदिर रोड सहित अनेक स्थानों पर राखी की दुकानें सज गई हैं। रंग-बिरंगी राखियों से सजे इन बाजारों में भाई-बहनों के अटूट प्रेम की छवि साफ दिखाई दे रही है। दुकानों में ग्राहकों की चहल-पहल बढ़ने लगी है और खासकर महिलाएं व बच्चों में राखियों को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी राखी की खरीदारी को लेकर नगरवासियों में खास उत्साह है।



दुकान में भाई के लिए राखी खरीदती बहन।

दुकानदारों ने तरह-तरह की डिजाइनर राखियां मंगवाकर दुकानों को सजाया है। इस बार बाजारों में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर राखियों की भरमार है। जैसे छोटा भीम,डोरेमोन,सिंड्रेला और सुपरहीरो थीम वाली राखियां। वहीं,बड़ों के लिए कलाई में शोभा बढ़ाने वाली खूबसूरत स्टोन वर्क सिल्क थ्रेड और मोती वाली राखियों की मांग अधिक है। सूत्रों के अनुसार इस बार राखियों की मांग ज्यादा है। लोग जल्दी खरीदारी कर रहे हैं ताकि त्योहार के दिन किसी तरह की परेशानी न हो। ग्राहक खासतौर पर बच्चों के लिए रोशनी वाली राखियां पसंद कर रहे है। दुकान दार विशेष राखियों का स्टॉक मंगवाया है। ग्राहक अब केवल पारंपरिक राखियों से संतुष्ट नहीं होते उन्हें कुछ नया और आकर्षक चाहिए। ताकि लोगों को खूब पसंद आ आए राखियों के साथ-साथ इस बार भाइयों के लिए गिफ्ट हैंपर' की मांग भी बढ़ी है। दुकानों पर छोटे-छोटे गिफ्ट पैक,चॉकलेट बॉक्स,ड्राय फ्रूट्स और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट भी उपलब्ध हैं,जिन्हें बहनें अपने भाई को राखी के साथ भेंट करेगी। रक्षा बंधन सिर्फ एक पर्व नहीं,बल्कि भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने का प्रतीक है। यही कारण है कि इस त्यौहार को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में गहरी भावनाएं जुड़ी होती हैं। नगर के हर कोने में त्योहार का उल्लास साफ देखा जा सकता है। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा गश्त की जा रही है। नगर पंचायत ने साफ-सफाई और ट्रैफिक की बेहतर व्यवस्था करने कहा है, जिससे लोगों को खरीदारी में कोई दिक्कत न हो।कुल मिलाकर रक्षाबंधन को लेकर शिवरीनारायण नगर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। राखियों से सजे बाजार इस बात का प्रमाण हैं कि भाई-बहन का यह पावन पर्व लोगों के दिलों में विशेष स्थान रखता है और हर साल इसे और भी उत्साह से मनाया जाता है।



## हर नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरुर लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई सक्ती के अध्यक्ष मुकेश बंसल के नेतृत्व में गुरुवार को जिंदल स्कूल सक्ती में एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने पौधारोपण कर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा हर नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष मुकेश बंसल ने कहा कि संस्था द्वारा निरंतर व्यापारियों के हित और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिंदल स्कूल के नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इस दौरान स्कूल डायरेक्टर रवि जिंदल, प्रिंसिपल मनीष कथूरिया, पवन अग्रवाल, आतिश अग्रवाल, सुनील कृपलानी, कैलाश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, देवेंद्र, विन्नु, नीलेश अग्रवाल, गज्जू डालमिया, अनुराग, सुमित शर्मा, राहुल अग्रवाल, कैलाश, प्रकाश , रंजन सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

## सुपोषण चौपाल में दी गई पोषण की जानकारी, कराया अन्नप्राशन संस्कार

**बाराद्वार**। नगर के जनपद प्राथमिक विद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माताओं को संतुलित एवं पोषक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का पारंपरिक रूप से अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों और महिलाओं को पोषणयुक्त आहार की विविधता पर आधारित जानकारी भी प्रदान की गई।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, पार्षद अजय सिंह राजपूत, अमित कुमार बरेठ, अनिल यादव, भारत बारेठ सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर को रंगोली, हरी सब्जियों और पोषण आहारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे लोगों को स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## बिजली बिल हाफ योजना के बदले प्रावधान के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**जांजगीर- चाम्पा**। राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना मे किए गए नए प्रावधान के विरोध मे कांग्रेस ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर पुतला दहन किया। कांग्रेसियो ने राज्य सरकार से पुराने नियम से बिजली बिल हाफ योजना संचालित करने की मांग की। राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना मे किए गए नए प्रावधान के विरोध मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने 7 अगस्त को जिला मुख्यालय जांजगीर में प्रदर्शन किया। शाम 5 बजे विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी



विधायक के साथ प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

करते हुए पुतला दहन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार पर कई आरोप भी लगाए गए। कांग्रेसियों ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार में सभी वर्ग को 400 यूनिट की खपत पर बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिलता था, लेकिन प्रदेश मे बीजेपी सरकार आते ही लगातार बिजली बिल मे बढ़ोतरी की जा रही है। अब भाजपा सरकार के नए प्रावधान में 100 यूनिट तक हाफ कहा जा रहा है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा और 100 यूनिट की छूट भी नहीं मिलेगी। कांग्रेसियो ने राज्य सरकार से पुराने नियम से बिजली बिल हाफ योजना संचालित करने की मांग की। साथ ही ऐसा नहीं होने पर भविष्य में जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर विधायक व्यास कश्यप, दिनेश शर्मा, रमेश पैगवार, भगवान दास गढ़वाल, शिशिर द्विवेदी, रफीक सिद्धिकी, राजेश अग्रवाल, विवेक सिसोदिया, अजित सिंह राणा, ऋषिकेश उपाध्यक्ष, आभास बोस, अरमान खान, विष्णु यादव, मनोरमा पाटेकर, मुस्कान परवीन, आकाश तिवारी समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय चिस्दा में पालक शिक्षक परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में सत्र 2025-26 के लिए पालक शिक्षक परिषद का गठन हुआ। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी.के. ठाकुर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पालकों और शिक्षकों के मध्य एक सजीव संवाद स्थापित हुआ, जिसने विद्यालय और समुदाय के रिश्तों को और अधिक सशक्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात संगीत शिक्षक सुभाष चंद्र के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। बैठक में जिले के 9 ब्लॉकों से 15 पालकों का चयन पालक शिक्षक परिषद के सदस्य के रूप में किया गया। चयनित सदस्यों में अकलतरा से मानस भारते,बलौदा से गजेंद्र कुमार सोनी, बम्हनिडीह से शशिकांत कश्यप एवं बजरंग कश्यप,डभरा से चंद्र कुमार चंद्रा एवं श्रीमती आश बघेल,जैजैपुर से संतोष कुमार कश्यप एवं श्रीमती लीला धीरहे,मालखरौदा से अरविंद कुमार खूंटे एवं श्रीमती अंबिका



बैठक में उपस्थित स्कूल स्टाफ व पालक।

चंद्रा,नवागढ़ से प्रकाश सिंह चौहान,पामगढ़ से मधुसूदन खूंटे एवं श्रीमती सावित्री कश्यप, सक्ती से राम प्रकाश जाटवर एवं श्रीमती तृप्ति राकेश राठौर शामिल रहे। विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बी.आर. पटेल (पीजीटी रसायन) ने वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों का संक्षिप्त लेकिन प्रेरणादायक विवरण प्रस्तुत किया। अमर राहूजा (पीजीटी गणित) ने परिषद के गठन के उद्देश्य एवं इसकी आवश्यकता पर भावपूर्ण प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान शिक्षक के.के. पटेल एवं श्रीमती झरना देवांगन (पीजीटी भौतिकी) ने सौम्य एवं व्यवस्थित तरीके से किया। डॉ एस.के. कश्यप (पीजीटी भूगोल) ने पालकों से खुले मन से सुझाव आमंत्रित किए, जिससे पालकों ने भी विद्यालय की प्रगति में सक्रिय सहभागिता दर्शाई। प्राचार्य श्री ठाकुर ने पालक शिक्षक परिषद की कार्य योजना एवं महत्व को विस्तार से बताया और परिषद को विद्यालय विकास में एक मजबूत कड़ी बताया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ हिंदी शिक्षक राजेश्वर प्रसाद तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

## रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली का निकला पहिया, टला बड़ा हादसा

**राहौद**। तनौद शिवरीनारायण से रेत भरकर जा रही बिना नंबर प्लेट के आयशर ट्रेक्टर ट्राली का पहिया मेंहदी (राहौद)के बीच गुरुवार 7 जुलाई की सुबह सड़क पर अलग निकल गई। ट्रैक्टर ड्राइवर गाड़ी नंबर नहीं होने से घबरा रहा था। ड्राइवर ने ट्रैक्टर ट्राली में भरी रेत को तनौद से कुटराबोड़ ले जाने की बात कहीं। गौरतलब है कि बिना नंबर प्लेट के टैक्टर से रेत ढोने का काम किया जा रहा है। मुख्य मार्ग पर आवागमन कर रहे लोग इस टैक्टर के चपेट में आने से बाल-बाल बचे गए नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।



## डीलर ने नहीं भेजा ऑक्सीमीटर अब कंपनी को देना होगा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इण्डिया मार्ट इंटर मेस लिमिटेड के डीलर ने अग्रिम राशि लेने के बावजूद ऑक्सीमीटर नहीं भेजा। इस पर पीड़ित ने उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया। फोरम ने उभयपक्ष की सुनवाई के बाद कंपनी के डीलर को 80 हजार रुपए तथा मानसिक क्षति व वाद व्यय के लिए 15 हजार रुपए प्रदान करने का आदेश जारी किया है।

जानकारी के अनुसार इंडिया मार्ट इंटर मेस लिमिटेड कंपनी ऑनलाईन शॉपिंग एप है। रायगढ़ के मधुबनपारा निवासी अद्वितीय भूषण गोस्वामी पिता इन्द्रभूषण गोस्वामी ने ऐप पर सर्च कर व्यवसाय के लिए ऑक्सीमीटर खरीदने कंपनी के एप से संपर्क किया। इस पर कंपनी की ओर से रायपुर के डीलर पुरूषोत्तम साहू उर्फ राजीव से ऐप के माध्यम से सीधे संपर्क कराया गया। वहीं अद्वितीय ने 20 अप्रैल 2021 को कंपनी के डीलर पुरूषोत्तम साहू से संपर्क कर ऑक्सीमीटर की जानकारी मांगी। इसके बाद अद्वितीय ने 24 अप्रैल 2021 को फोन पे के माध्यम से पुरूषोत्तम साहू को 1 लाख 30 हजार रुपए भिजवाए। सम्पूर्ण राशि प्राप्त होने के बाद सामान दो तीन दिन में डिलीवरी हो जाना व्यक्त किया गया लेकिन चार दिन व्यतीत हो जाने के बाद भी सामान की डिलीवरी न होने पर उसने कंपनी को सूचित किया। जिसमें कंपनी प्रबंधन द्वारा पुरूषोत्तम साहू से सम्पर्क करने पर उसने कहा कि वह दो सौ नग ऑक्सीमीटर प्रदान नहीं कर सकता और वह राशि वापस कर देगा।

### आम सूचना ईस्तहार

**(नाम परिवर्तन हेतु)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता पुरुषोत्तम लाल खरे (PURUSHOTTAM LAL KHARE) उम्र 62 वर्ष पिता श्री गया राम खरे (GAYA RAM KHARE) निवासी ग्राम भांटापारा, वार्ड नं.-20, जाँजगीर तहसील व थाना जाँजगीर, जिला-जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495668 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम पुरूषोत्तम खरे (PURUSHOTTAM KHARE) पिता श्री गया राम खरे (GAYA RAM KHARE) को त्याग कर नया नाम पुरुषोत्तम लाल खरे (PURUSHOTTAM LAL KHARE) पिता श्री गया राम खरे (GAYA RAM KHARE) रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम पुरूषोत्तम लाल खरे (PURUSHOTTAM LAL KHARE) पिता श्री गया राम खरे (GAYA RAM KHARE) से ही जाना पहचाना जावे।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मेरे नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है अगर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार आपत्ति है, तो 15 दिवस भीतर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। मौखिक आपत्ति को किसी प्रकार से मान्य नही किया जावेगा। इसके बाद की गई आपत्ति पर कोई सुनवाई और विचार नहीं किया जावेगा। सो सूचना जाने !

भवदीय
पुरूषोत्तम लाल खरे
श्री गया राम खरे
निवासी ग्राम-भांटापारा, जाँजगीर जिला
जांजगीर-चांपा मो. नं. 6261474818








# बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने पर वरुण ने काटा केक

**मुंबई।** वरुण धवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में वरुण की स्वर्ण मंदिर से कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं। वहीं, बुधवार को निर्माताओं ने एक पोस्ट के जरिए वरुण की बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। ये खास तस्वीरें बॉर्डर 2 के सेट के दौरान की हैं। इन तस्वीरों में निर्देशक अनुराग सिंह, निर्माता भूषण कुमार और वरुण अपनी को-स्टार मेधा राणा के साथ नजर आ रहे हैं। वरुण की ये तस्वीरें 'बॉर्डर 2' के रैप-अप शेड्यूल की हैं। वहीं एक तस्वीर में वरुण केक काटते बेहद खुश नजर आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'वरुण ने बॉर्डर 2 के लिए अपना शेड्यूल पूरा किया।

## लाइफStyle



# जान्हवी ब्राइडल लुक में आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म परम सुंदरी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच उनका एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह ब्राइडल लुक में नजर आ रही हैं।

जान्हवी कपूर को मसाबा गुप्ता ने दुल्हन के रूप में पेश किया है। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जान्हवी अलग-अलग ब्राइडल लुक में दिखीं। उन्होंने भूरा लहंगा, सिंदूरी लाल लहंगा, लाल बस्टियर के साथ लहंगा स्कर्ट, धोती स्कर्ट और ब्लाउज के साथ कई शानदार पोज दिए। इन लहंगों की हर डिजाइन में जरदोजी, सेक्विन, गोटा पट्टी कढ़ाई, लटकन और झालरों का खूबसूरत काम दिखाई दे रहा है। जान्हवी ने इन लुक्स को सोने के गहनों, आकर्षक मेकअप और फूलों से सजे हेयर स्टाइल के साथ पूरा किया। जान्हवी के इस लुक पर राजकुमार राव की पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा ने लाल दिल वाला इमोजी शेयर किया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों को जान्हवी का ब्राइडल लुक पसंद आया। एक फैन ने लिखा, 'मसाबा ब्राइडल में करीना की झलक दिखी, वो सबसे ऊपर थीं', एक और फैन ने लिखा, 'अद्भुत', एक और फैन ने लिखा, 'वह बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं', एक और फैन ने लिखा, 'जान्हवी ने श्रीदेवी जी की याद दिला दी उनकी आंखें शानदार हैं।' एक फैन ने लिखा, 'यह लुक सपनों जैसा है। तो वहीं कुछ फैन ने इस लुक को 'आइकॉनिक' बताया।

## हॉलीवुड मसाला



# द हॉवर्ड स्टर्न शो बंद होने की संभावना

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एंकर हॉवर्ड स्टर्न का मशहूर 'द हॉवर्ड स्टर्न शो' 1986 से 2005 तक पूरे अमेरिका में स्थानीय रेडियो पर प्रसारित किया गया था। 2006 से यह शो सिरियसएक्सएम रेडियो पर प्रसारित हो रहा है। अब ताजा जानकारी के अनुसार, यह शो अनुबंध समाप्त होने की वजह से बंद किया जा सकता है। मशहूर रेडियो शो 'द हॉवर्ड स्टर्न शो' जल्द खत्म हो सकता है, क्योंकि प्रसिद्ध हॉवर्ड स्टर्न का सिरियसएक्सएम के साथ 5 साल का 500 मिलियन डॉलर का अनुबंध खत्म होने वाला है।



# केली मैक को द एलीफेंट गार्डन से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'वॉकिंग डेड' में अपनी भूमिका से मशहूर केली मैक के निधन से पूरे मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। महज 33 साल की उम्र में एक्ट्रेस का जाना हर किसी को हैरान कर रहा है। केली मैक का जन्म 10 जुलाई 1992 को अमेरिका के सिनसिनाटी शहर में हुआ था। अभिनेत्री के जन्म के समय का नाम केली लिन क्लेबेनो था। एक्ट्रेस ने बहुत कम उम्र से ही एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी थी। केली मैक को पहली बार साल 2008 में 'द एलीफेंट गार्डन' से पहचान मिली, जिसके लिए उन्हें टिश स्कूल ऑफ आर्ट्स का एक्टिंग अवार्ड भी मिला। इसके बाद एक्ट्रेस ने वेब सीरीज वॉकिंग डेड से लोगों के बीच अपनी जगह बनाई। इसके अलावा अभिनेत्री ने एनिमेटेड फिल्म स्पाइडर मैनः इनटू द स्पाइडर वर्स में ग्वेन स्टेसी की आवाज दी थी।



# अश्लीलता फैलाने का लगा आरोप...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री श्वेता मेनन इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं, हालांकि इसकी वजह उनकी कोई फिल्म या प्रोफेशनल प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक कानूनी विवाद है। दरअसल, अभिनेत्री पर अश्लीलता फैलाने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिनके चलते उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ये मामला एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है, जिसमें अभिनेत्री पर कुछ फिल्मों और विज्ञापनों में अश्लील और नग्न अवस्था में सीन दिखाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता मार्टिन मेनाचेरी ने कोर्ट में याचिका दायर कर ये दावा किया कि श्वेता ने पैसा कमाने के लिए फिल्मों और विज्ञापनों में आपत्तिजनक सीन किए, जिनका प्रसार बाद में सोशल मीडिया और एडल्ट वेबसाइट्स के जरिए से किया जा रहा है।



# बेचैन कर देगी अंधेरा वेब सीरीज की कहानी

**मुंबई।** हॉरर कहानियों का अपना रोमांच होता है। डर से कांपना, खौफ में एक आंख बंद कर के भी पर्दे पर उस मंजर को देखना। यदि आप मनोरंजन की दुनिया में ऐसे ही थ्रिल से राबता रखते हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। एक नई सुपरनैचुरल हॉरर वेब सीरीज आ रही है। नाम है 'अंधेरा', जिसमें सुरवीन चावला, प्राजक्ता कोली, वत्सल सेठ और प्रिय बापट जैसे दमदार कलाकार रूह से चीख निकालने आ रहे हैं। यह सीरीज इसी महीने ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका पहला पोस्टर और रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। यह वेब सीरीज इसी महीने 14 अगस्त 2से स्ट्रीम होगी। वेब सीरीज के क्रिएटर गौरव देसाई कहते हैं, 'अंधेरा' बनाना मेरे लिए सबसे अच्छा और खुशी देने वाला अनुभव रहा है।

## टीवी मसाला



# 11 साल बाद दर्शकों को अलविदा कहने वाला है 'कुमकुम भाग्य'

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल कुमकुम भाग्य अब दर्शकों को अलविदा कहने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह सीरियल जल्द ही ऑफ एयर होगा। शो को बंद करने का कारण चैनल ने भी साझा किया है। साथ ही कुमकुम भाग्य की जगह पर दर्शकों को एक नया सीरियल भी देखने को मिलेगा। साल 2014 में सीरियल कुमकुम भाग्य शुरू हुआ। अब तक इस सीरियल में तीन पीढ़ियां बदल चुकी हैं। इस सीरियल को पिछले कुछ साल में काफी अच्छी टीआरपी मिली, दर्शकों के बीच यह पॉपुलर हो गया था। लेकिन, कुछ वक्त से इसकी टीआरपी लगातार गिर रही है। ऐसे में चैनल ने इसे बंद करने का फैसला लिया है। कुमकुम भाग्य को एक नया टीवी सीरियल रिप्लेस करेगा। इस नए सीरियल का नाम गंगा माई की बेटियां हैं। इस नए सीरियल को रवि दुबे और सरगुन मेहता अपने प्रोडक्शन हाउस तले बना रहे हैं। गंगा माई की बेटियांमें अमनदीप सिद्धू, शीजान खान और शुभांगी लाटकर लीड रोल में होंगे। इस सीरियल को अभी टाइम स्लॉट नहीं मिला है, लेकिन कुमकुम भाग्य ऑफ एयर होते ही यह नया सीरियल दर्शकों को देखने को मिलेगा।

## मनचाहा किरदार मिलते ही 'शक्तिमान' पर बनेगी फिल्म

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाला सबसे चर्चित शो शक्तिमान प्रत्येक बच्चों की पहली पसंद था। अभिनेता मुकेश खन्ना ने



शक्तिमान के किरदार को घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया था। पॉपुलर शो शक्तिमान पर इस समय फिल्म बनाने की बात चल रही है, जिसकी घोषणा कोरोना वायरल के आने से पहले हुई थी। लेकिन, ऐलान के बाद से ही मेकिंग को लेकर कोई अपडेट नहीं है। अब सुपरस्टार मुकेश खन्ना ने फिल्म को लेकर ऐसी बात कह दी है, जो फैंस को परेशान कर रही है। मुकेश खन्ना ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं सब झूठ है, शक्तिमान फिल्म नहीं आएगी। 'रुकावट के लिए खेद है, यह फिल्म अटकी हुई है और इसका कारण मैं खुद हूं, क्योंकि मुझे शक्तिमान चाहिए।' आगामी फिल्म शक्तिमान के लिए पेपरवर्क का काम हो गया है और सोनी लिव के साथ एग्रीमेंट भी साइन हो चुका है। अभिनेता को मनचाहा किरदार मिलते ही फिल्म शुरू हो सकती है। मुकेश खन्ना ने फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं लेकिन वह टीवी पर शक्तिमान और पितामह भीष्म का किरदार निभाकर दर्शकों के बीच मशहूर हो गए।

# 120 बहादुर से पहले इन फिल्मों में भी दिखी भारत-चाइना वॉर की कहानी

*नई दिल्ली। निर्माता-निर्देशक और अभिनेता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 120 बहादुर को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 120 बहादुर की कहानी 1962 की भारत-चाइना युद्ध के दौरान रेजांग ला की असली बहादुरी से जुड़ी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया है। इस टीजर में दिखाया गया है कि कैसे 120 भारतीय सैनिक हजारों दुश्मनों के सामने मजबूती से खड़े रहे और इतिहास बना दिया। 120 बहादुर 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में फरहान अख्तर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। 120 बहादुर से पहले भी कई बॉलीवुड फिल्मों में भारत-चाइना युद्ध की कहानी को दिखाया गया है।*

**पलटन** : जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित पलटन एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। साल 1962 में भारत चीन से युद्ध हार गया था। उस युद्ध के बाद ठीक पांच साल बाद चीन की सेना ने एक बार फिर से भारतीय सीमा में हमला कर दिया था। दरअसल, उस वक्त भारतीय सेना नाथू ला से सेबू ला (सिक्किम) तक फेंसिंग कर रही थी और चीनी सेना ये नहीं चाहती थी। चीनी सेना ने एक बार फिर से उसी जीत को याद करते हुए आक्रमण कर दिया था। भारतीय जवानों ने मोर्चा संभाला और चीन के सैनियों का हौसला पस्त कर दिया। किस तरह भारतीय जवानों ने अपने देश के लिए युद्ध किया, किस तरह चीन के सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब दिया, पलटन में इसी कहानी को दिखाया गया है।



**72 हॉवर्सः मार्टियर हू नेवर डाइड** : 72 हॉवर्स मार्टियर हू नेवर डाइड सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। इसमें राइफलमैन जसवंत सिंह रावत की कहानी को दिखाया गया है। जसवंत सिंह रावत ने 1962 में हुए इंडो-चाइना वॉर में मुश्किल हालातों के बीच दुश्मनों को मौत के घाट उतारा था। फिल्म जसवंत सिंह रावत की वीरता को दिखाती है।

**1962: द वॉर इन द हिल्स** : 1962: द वॉर इन द हिल्स एक वेब सीरीज है, जिसका निर्देशन महेश मांजरेकर ने किया है। सीरीज में भारत-चाइना के बीच के युद्ध की कहानी को दिखाया गया है। इसमें जवानों की जांबाजी के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी में चल रही उथल-पुथल को भी बखूबी दिखाया गया है। 10 एपिसोड की इस सीरीज अभय देओल, सुमित व्यास और माही गिल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन संग नजर आईं सारा कैमरा देखते ही आया गुस्सा...

**मुंबई।** मनोरंजन की दुनिया में अक्सर ऐसे वीडियोज सामने आते हैं, जो नेटिजंस के मन में कई सवाल खड़े करते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान, अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ दिख रही हैं। इस वीडियो के आते ही अफवाहों का बाजार एक बार फिर से गरम होता दिख रहा है और यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आइए देखें वीडियो। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सारा अली खान अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन प्रताप बाजवा संग किसी दुकान के बाहर नाश्ता करती दिख रही हैं। दोनों को काफी सिंपल लुक में देखा गया, जिसमें एक्ट्रेस ने ब्लैक टॉप संग प्लाजो पहन रखा था, वहीं अर्जुन को ब्लैक





चश्मा-टीशर्ट और टोपी लगाए देखा जा सकता है। हालांकि, जब एक्ट्रेस को पता चला कि कोई उनका वीडियो बना रहा है, तो वह गुस्सा हो जाती हैं। इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा, आदित्य रॉय का क्या होगा। दूसरे यूजर ने कहा, पापा का नाम रोशन कर रही। एक और यूजर ने लिखा, इनकी शादी करवा दो। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा कि भाई चाय पीने दो। बता दें ये पहली बार नहीं है जब सारा और अर्जुन प्रताप बाजवा साथ नजर आए हैं। इससे पहले भी दोनों की एक तस्वीर गुरुद्वारे से निकलते समय आई थी, जिसमें दोनों एक ही कार में बैठे हुए स्पॉट किए गए थे।

## अनोखे हास्य, शानदार अभिनय और बेजोड़ टाइमिंग के साथ दर्शकों के दिलों में बनाई जगह

# 38 साल में कर चुके हैं 1000 फिल्में, इस एक्टर का नहीं कोई मुकाबला

**नई दिल्ली।** जॉनी लीवर, राजपाल यादव, परेश रावल जैसे सुपरस्टार अपनी कॉमेडी फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर हैं। जबकि कपिल शर्मा इन दिनों टीवी और ओटीटी शोज के जरिए फैंस को हंसाते हुए नजर आते हैं। लेकिन साउथ के एक सुपरस्टार ऐसे हैं, जिन्होंने ना सिर्फ कॉमेडी में अपनी पहचान बनाई। बल्कि 1000 से ज्यादा फिल्मों में अपनी एक्टिंग के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में रिकॉर्ड भी दर्ज करवाया है। हम बात कर रहे हैं कनेगांति



ब्रह्मानंदम, जिन्हें आमतौर पर ब्रह्मानंदम के नाम से जाना जाता है। भारतीय सिनेमा, खासकर से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री (टॉलीवुड) के सबसे पॉपुलर और चहेते प्रिय कॉमेडियन में से एक हैं। अपने अनोखे हास्य, शानदार अभिनय और बेजोड़ टाइमिंग के साथ, उन्होंने लाखों दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। इसके चलते वह सबसे अमीर कॉमेडियन भी बन गए हैं।

**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है नाम** : ब्रह्मानंदम का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है, क्योंकि उन्होंने एक जीवित एक्टर के रूप में सबसे अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। उनकी फिल्मों की संख्या 1,000 से अधिक है, जो एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। यह रिकॉर्ड उन्होंने केवल 38 साल में हासिल किया, जो उनकी मेहनत और लोकप्रियता का जीता जागता सबूत है।

**रातोंरात बने सुपरस्टार** : उनका फिल्मी सफर 1987 में फिल्म आहा ना पेल्लांटा! से शुरू हुआ, जिसमें निर्देशक जंध्याला ने उन्हें मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद, उन्होंने 1990 के दशक और 2000 के शुरुआती सालों में तेलुगु सिनेमा में खूब नाम कमाया। उनकी कुछ पॉपुलर फिल्में विवाह भोजानमबु (1988), जगदेका वीरुडु अतिलोका सुंदरी (1990), हैलो ब्रदर (1994), मनमधुडु (2002), धी (2007), रेडी (2008), दूकुडु (2011), रेस गुर्रम (2014) शामिल हैं।

## मीम्स के कहलाते हैं भगवान

इसके अलावा, ब्रह्मानंदम ने तमिल, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन उनकी पॉपुलैरिटी तेलुगु सिनेमा में ज्यादा है। उनकी कॉमेडी और अभिनय के कारण उन्हें हास्य ब्रह्मा और मीम्स के भगवान जैसे निकनेम भी मिले हैं। वहीं ब्रह्मानंदम को पद्मश्री (2009): भारत सरकार द्वारा दिया गया। यह चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान उनके सिनेमाई योगदान के लिए, छह नंदी पुरस्कार, तेलुगु सिनेमा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, सर्वश्रेष्ठ कॉमेडियन के लिए दो फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ, बेस्ट कॉमेडियन के लिए छह सिनेमाआ अवॉर्ड्स, सबसे ज्यादा फिल्मों में एक्टिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय ने उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया।

## सबसे महंगे कॉमेडियन हैं

ब्रह्मानंदम न केवल भारत के सबसे लोकप्रिय कॉमेडियनों में से एक हैं, बल्कि सबसे अमीर भी हैं। विभिन्न स्रोतों के अनुसार, उनकी नेट वर्थ 500 करोड़ रुपए (लगभग 60 मिलियन डॉलर) से अधिक है। यह रकम उन्हें रणबीर कपूर, प्रभास और कपिल शर्मा जैसे कई बड़े सितारों से भी आगे रखती है। ब्रह्मानंदम प्रति फिल्म 1-2 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं, यहां तक कि छोटे रोल या कैमियो के लिए भी। इसके अलावा वह विज्ञापनों और ब्रांड्स के लिए भी मोटी रकम वसूलते हैं। वह प्रोड्यूसर, स्टेज परफॉर्मर और रियलिटी टीवी शो होस्ट के रूप में भी काम करते हैं।

**खबर संक्षेप**

## देवांगन समाज ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय हथकरघा दिवस



**राहौद।** नगर के देवांगन समाज द्वारा 11 वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 7 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम राहौद के देवांगन धर्मशाला में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयोजित कि गई। उक्त कार्यक्रम में बुनकर संघ के पदाधिकारी व देवांगन समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सामुहिक रूप से शामिल हुए। हथकरघा व्यवसाय से जुड़े देवांगन समाज ने माता परमेश्वरी की विधि विधान से पूजा- अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

## अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

**अकलतरा।** अघोषित बिजली कटौती से लोग खासे परेशान है। इन दिनों नगर में किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली को बन्द कर दिया जा रहा है। बिजली बंद होने से लोगों को उमस भरी गर्मी में खासे परेशानी हो रही है। पूर्व में नगर में बिजली सप्लाई अच्छी हो गई थी। वर्तमान में मंडल द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार कटौती की जा रही है। लोगों का कहना है कि दिन हो या रात कभी भी मनमाने ढंग से कटौती की जा रही है।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लायंस स्कूल के तीन विद्यार्थी चयनित

**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये चयनित विद्यार्थी अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता जो आगामी 19 अगस्त से 22 अगस्त तक कोंड़ागांव में आयोजित है में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने बताया कि स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा भारती राठौर एवं कक्षा 10वीं के छात्र हर्षवर्धन थवाईत का चयन अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए तथा कक्षा 12वीं की छात्रा सृष्टि सिंह का चयन अंडर-19 शतरंज प्रतियोगिता जो 16 से 19 अगस्त तक मुंगेली में आयोजित होगी के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि गौरव का विषय है। शाला प्रबंधन समिति तथा प्राचार्य ने सभी चयनित विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि वे राज्य स्तरीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन करेंगे। लायंस स्कूल के अध्यक्ष लायन संतोष सोनी ने भी चयनित विद्यार्थियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है। लायंस स्कूल के 20 अन्य विद्यार्थियों का चयन भी आगामी 12 अगस्त से पामगढ़ में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेल स्पर्धा के लिए हुआ है। स्कूल के क्रीड़ा प्रभारी गौरव कटकवार ने बताया कि जिला स्तरीय खो-खो स्पर्धा अंडर-19 बालक वर्ग के लिए स्कूल के छात्र राकेश वर्मा, प्रांजल तिवारी, प्रेम शर्मा, ऋषि यादव, शिवम साहू, अनिश पाल भार्गव तथा भावेश निषाद चयनित हुए है। इसी तरह अंडर-19 बालिका वर्ग में छात्रा संभवी थवाईत, रोहिणी कुमारी, चंचल पंडित, फातिमा बख्शी, मुस्कान शर्मा, रूचि कुमारी, श्रद्धा महंत तथा अंजली कश्यप चयनित हुई है। इसी तरह अंडर-17 बालिका वर्ग में सुहानी मिश्रा, अनुष्का देवांगन तथा हर्षिका उरांव एवं अंडर-14 बालिका वर्ग में सौम्या साहू व यू. प्रवलिका चयनित की गयी है।

## लायंस क्लब का निःशुल्क नेत्र परीक्षण व परामर्श शिविर 10 को

**चांपा।** स्थानीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब चांपा द्वारा रविवार 10 अगस्त को परशुराम चौक के पास स्थित श्री गणेश विनायक नेत्र चिकित्सालय में पेंशनर तथा वरिष्ठ जन के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण और परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी तथा सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा यह आयोजन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा। इस दौरान नगर के पेंशनर सहित वरिष्ठजन का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया जायेगा। क्लब के इस समाज सेवी कार्य में नगर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक दुबे तथा उनका स्टाफ सहयोग प्रदान करेंगा। उन्होंने इस सेवा का लाभ उठाने का नगर के पेंशनरों तथा वरिष्ठ जन से अनुरोध किया है।

## सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के अंतर्गत शिविर में 66 हितग्राही लाभान्वित

**सक्ती।** आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता शिविर जनपद कार्यालय जैजैपुर के सभाकक्ष में 6 अगस्त को आयोजित किया गया। जागरूकता शिविर में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सक्ती तथा जिला रिसोर्स पर्सन द्वारा शिविर में उपस्थित हितग्राहियों को योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय कर खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक शाखा जैजैपुर एवं एचडीएफसी बैंक शाखा जैजैपुर के अधिकारी द्वारा बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। कुल 66 हितग्राहियों द्वारा शिविर में शामिल होकर योजना की जानकारी प्राप्त की गई।

रंग रोगन एवं साज सज्जा सामग्री के कीमत में हुई बढ़ोतरी से दामों में हुआ इजाफा

# गणेश उत्सव को लेकर प्रतिमाओं को आकार देने जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

अंचल में जोर-शोर से प्रथम पूज्य एवं विघ्न विनायक भगवान गणेश की प्रतिमाओं को आकार देने में मूर्तिकार रात दिन जुटे हुए हैं। इस बार गणेश पूजा बुधवार 27 अगस्त से प्रारंभ होगा। गणेश उत्सव की तैयारी को लेकर भगवान के बनाए हुए मूर्तिकार भगवान को ही आकार देने में लगे हुए हैं। हालांकि अभी पखवाड़े भर से अधिक समय बचा हुआ है। पर्व के नजदीक आते ही मूर्तिकार प्रतिमा को बनाने के साथ-साथ रंग रोगन भी शुरू कर दिए हैं, तो वहीं कई जगहों पर पंडाल बनाने का काम भी चल रहा है।

बिर्रा अंचल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी से 10 दिवसीय गणेश उत्सव मनाया जाएगा। इस साल गणेश उत्सव बुधवार 27 अगस्त को शुभारंभ होगा। गणेश उत्सव पर पूजा अर्चना, गायन वादन ,रामायण और डीजे साउंड एवं डांस लगातार 10 दिनों तक चलेगा। गणेश के प्रतिमाओं को बनाने के लिए अंचल के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार सम्मेलाल कुम्हार किकिरदा और मूर्तिकार राम लखन साहू सिलादेही निवासी ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की भांति रंग रोगन और साज सज्जा के सामानों के दामों में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी होने के कारण



भगवान गणेश की प्रतिमा को आकार देने जुटे मूर्तिकार।



गणेश प्रतिमाओं की कीमतों में पिछले वर्ष की अपेक्षा इजाफ हुआ है। भक्तों को इस बार मूर्ति खरीदी के लिए अधिक देनी पड़ेगी। किकिरदा निवासी मूर्तिकार सम्मेलाल कुम्हार ने आगे बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके निवास स्थान पर गणेश उत्सव के लिए मिट्टी की गणेश प्रतिमा को आकार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अपने परिवार के भरण पोषण एवं जीवकोपार्जन के उद्देश्य से भगवान गणेश की प्रतिमा को मिट्टी की सहायता से कला के माध्यम से बना रहे हैं। मूर्तिकार ने अपने निवास स्थान हायर सेकेंडरी स्कूल किकिरदा के आगे में बहुत सारे गणेश की प्रतिमाओं को बनाने में लगे हुए हैं। मूर्तिकार के साथ उनके पुत्र अभिनव कुम्हार एवं अन्य कारीगरों के द्वारा भगवान श्री गणेश के मूर्ति को आकार दिया जा रहा है। कुछ बड़े-बड़े ,कुछ मध्यम और कुछ सांचे से छोटे-छोटे बाल गणेश के प्रतिमाओं को आकार दिया गया है। अब रंग रोगन का काम शुरू कर रहे हैं। मूर्तिकार ने आगे बताया कि कुछ प्रतिमाओं का बुकिंग भी शुरू हो गई है। सीजन के अनुसार कई प्रकार के मूर्ति का निर्माण करके परिवार का पालन पोषण करने की मजबूरी होती है। मूर्तिकार सम्मेलाल कुम्हार किकिरदा और मूर्तिकार राम लखन साहू सिलादेही के अलावा बिर्रा अंचल के मूर्तिकारों ने प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के सरकार विष्णु देव साय से मूर्तिकारों के हित में कारगर कदम उठाने की मांग की हैं ताकि मूर्तिकारों के परिवारों का भविष्य सुनहरा एवं जीवन सुखमय व्यतीत हो सके ।



सफाई कार्य में जुटे सरपंच व पंच।

## स्वच्छ गांव सुघ्घर गांव अभियान के तहत की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ ग्राम पोड़ी दलहा के सरपंच और पंचों ने स्वच्छता कार्य में निभाई सहभागिता

स्वच्छ गांव सुघ्घर गांव अभियान के अंतर्गत ग्राम पोड़ी दलहा के सरपंच और पंचों ने स्वच्छता कार्य में सहभागिता लिया।

सरपंच जीतेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा अपने गांव में सुघ्घर गांव स्वच्छ गांव अभियान की शुरुआत करते हुए बताया गया कि इस अभियान का उदेश्य ग्राम के नागरिकों को सफाई के महत्व को बताना है उन्होंने कहा कि कोई भी बात केवल बोलकर या भाषण देकर करवाने से उस काम में सफलता नहीं मिलती है बल्कि उसे स्वयं अपने जीवन में उतार कर जब हम करते हैं तो इससे नागरिको को अच्छा और सही संदेश जाता है। इसके लिए पूरे पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे स्वयं करके दिखाने का संकल्प लिया है। स्वच्छ गांव सुग्घर गांव अभियान के अंतर्गत आज ग्राम के सभी सरकारी परिसर को पहले सफाई की गई , फिर सभी सामुदायिक परिसर को , सभी तालाबों के पचरी एवं घाटो की सफाई की गई। अभियान से गांव में सफाई को लेकर जागरूकता आ रही है वहीं इस अभियान की पूरे गांव में प्रशंसा भी हो रही है। सरपंच जीतेन्द्र सिंह और सभी पंचगणों का गांव के लोगों ने जमकर सराहना की है और अपने घर और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया है। सरपंच का कहना है कियह एक छोटा सा प्रयास है। आशा है कि गांव में सफाई को लेकर लोगों की सोच बदलेगी स्वछता से हम हमारा गांव कई बीमारियों से बच सकता है। खासकर बरसात में सफाई से हम कई बीमारियों से बच सकते है।

## ध्वजारोहण के लिए सभापतियों को आमंत्रित किये जाने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चरोदी के सभापति विजय धिरहे एवं ग्राम पंचायत पिहरिद के निर्माण समिति के सभापति चैतन्य बुद्ध भारद्वाज ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंप कर आगामी 15 अगस्त को होने वाले ध्वजारोहण में



ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूल आंगनबाड़ी कृषि विभाग पटवारी कार्यालय में ध्वजारोहण करने के लिए आमंत्रित किए जाने संबंधी समस्त सचिव को आदेश जारी करने का निवेदन किया है ताकि पंचायत स्तर पर गठित पांच समिति के सभापतियों को भी राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहणकर गौरवांवित महसूस हो तथा ग्राम स्तर के सभी शासकीय कार्यालय में तिरंगा झंडा शान से फहर सके। बता दे जिला पंचायत के सभापतियों एवं जनपद पंचायत के सभापतियों को सभी विभाग द्वारा ध्वजारोहण के लिए बुलाया जाता है लेकिन ग्राम पंचायत के स्तर पर गठित समितियां के सभापतियों को आमंत्रित नहीं किया जाता ऐसे में सभी उपेक्षित महसूस करते हैं। इसे देखते हुए सभी ग्राम पंचायत में अपने-अपने गांव के सभापतियों को ध्वजारोहण के लिए आमंत्रित करने का आदेश जारी करने की मांग किया है।

## शिक्षकों को शैक्षिक उपयोग की विस्तारपूर्वक समझाई गई विधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ सीखो विज्ञान प्रोजेक्ट अंतर्गत शिक्षकों के प्रशिक्षण का प्रथम चरण संपन्न

अकलतरा विकासखंड में मिडिल स्कूल में विज्ञान शिक्षण को प्रायोगिक एवं प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से संचालित सीखो विज्ञान योजना के अंतर्गत विज्ञान शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीआरसी प्रशिक्षण हॉल, सम्पन्न हुआ। प्रथम बैच में अकलतरा विकासखंड के 12 संकुलों से कुल 30 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में शासन द्वारा प्रदत्त विज्ञान किट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित कर विद्यार्थियों को प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान सीखने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता शर्मा (शा. पूर्व माध्यमिक शाला, पड़रिया) एवं श्रीमती शारदा थवाईत (शा. पूर्व माध्यमिक शाला, तागा) द्वारा किया गया। दोनों प्रशिक्षकों ने सीखो विज्ञान प्रोजेक्ट के उद्देश्य अनुरूप विज्ञान किट में उपलब्ध 117 उपकरणों और 4 रसायनों का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए शिक्षकों को उनके शैक्षिक उपयोग की विधियां विस्तारपूर्वक समझाईं। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों की मदद से कक्षा में प्रकाश, ध्वनि, चुम्बकत्व, बल एवं दाब, विद्युत, ताप, अम्ल क्षार, और रासायनिक अभिक्रियाओं जैसी जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल, रोचक और अनुभवात्मक



शिक्षकों को उपकरण की मदद से दी जा रही जानकारी।

ढंग से बच्चों तक पहुंचाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, रसायनों के सुरक्षित उपयोग, प्रयोगशाला अनुशासन एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने संबंधी रणनीतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने यह भी रेखांकित किया कि सीखो विज्ञान प्रोजेक्ट का मूल उद्देश्य करके सीखना है, और विज्ञान किट इस दिशा में एक प्रभावशाली संसाधन है। कार्यशाला में बीईओ देवकान्त द्विवेदी एवं बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस के द्वारा प्रतिभागी शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर विज्ञान किट का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही, प्रत्येक विद्यालय में विज्ञान कार्नर तैयार कर नियमित रूप से उपयोग किया जाए।

## किसान स्कूल में आज मनाया जाएगा प्रकृति राखी का पर्व

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह में स्थापित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में शुक्रवार 8 अगस्त को प्रकृति राखी पर्व धूमधाम से मनाई जाएगी। किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि यहां की बिहान की महिलाएं पिछले चार साल से रक्षाबंधन का पर्व पर पेड़ों के तने और टहनियों पर राखी बांधकर प्रकृति राखी पर्व मना रहीं हैं। बहेराडीह के बिहान की महिलाओ का मानना है कि जिस प्रकार भाई अपने बहनों की रक्षा करते हैं। उसी प्रकार पेड़ भी निरंतर सभी को आक्सीजन देकर सभी की रक्षा कर रहें हैं। इसलिए वे इस तरह से रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व प्रकृति राखी पर्व का आयोजन करके पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का लोगों को सन्देश दे रहीं हैं। किसान स्कूल में बिहान की महिलाओ द्वारा बनाई गईं साग भाजी और फल फूल के रेशे से निर्मित इको फ्रेडली राखिया पेड़ों को बिहान की महिलाएं और स्कूल की बेटियां बांधेगी। वहीं हर्बल राखी को डाक से बिहान की महिलाओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रामेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भेजी हैं।

## सीएम के हाथों सदस्यता रत्न पुरस्कार से रवि सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में समाज सेवा , राजनीतिक प्रतिबद्धता, कार्यकुशलता और सतत जनसंपर्क के लिए माने जाने वाले इंजीनियर रवि पाण्डेय को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष करणसिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा और भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय सहित वरिष्ठ नेताओं के हाथों सदस्यता रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सदस्यता सम्मान कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सदस्यता प्रभारी रहे राज्य हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने किया । भाजपा सदस्यता अभियान में इंजीनियर रवि



मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते भाजपा नेता इंजी रवि पांडेय।

पाण्डेय ने 16000 से भी अधिक सदस्यों को पार्टी से जोड़कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान (ग़ैर सांसद और ग़ैर विधायक श्रेणी में )प्राप्त किया है। साथ ही एकीकृत श्रेणी में उनका स्थान प्रदेश में सातवां है। इंजी. पाण्डेय के द्वारा बनाया गया यह वृहद आंकड़ा न केवल उनकी संगठनात्मक क्षमता को दर्शाता है बल्कि आम जन मे मजबूत पकड़ और लोकप्रियता को भी दर्शाता है। भाजपा संगठन की समीक्षा मे यह स्पष्ट हुआ है कि उन्होंने न सिर्फ संख्या बल्कि उसके साथ गुणवत्ता और असरदार सदस्यता विस्तार का भी उदाहरण पेश किया है। इंजी रवि पाण्डेय का यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नही बल्कि भाजपा मे उनके बढ़ते कद और नेतृत्व क्षमता की औपचारिक मान्यता है।

## समस्याओं पर आवाज उठाने निकले युवक कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

**चांपा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गुरूवार 7 अगस्त को जिला प्रवास के दौरान उन्हें जिले की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने जा रहे युवक कांग्रेस के नेताओं को पुलिस ने कार्यालय परिसर में ही रोक दिया। इसका विरोध करते हुए युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बाद में चांपा पुलिस को ही अपना ज्ञापन सौंपते हुए उनसे यह ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाये जाने का अनुरोध किया।

युवक कांग्रेस के जांजगीर-चांपा विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने बताया कि वे युवक कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मुख्यमंत्री के जिला प्रवास के दौरान उनसे भेंट कर उन्हें जिले के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों जैसे बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा की दुर्दशा तथा स्थानीय विकास कार्यों की अनदेखी के संबंध में अवगत कराकर एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन उन्हें कार्यालय से बाहर निकलने से रोककर मुख्यमंत्री से भेंट नहीं करने दिया गया। इसके विरोध में युवक कांग्रेस के नेताओं ने चांपा पुलिस को ही अपना ज्ञापन सौंपकर उनसे यह ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाने जाने का अनुरोध किया।




# सृजन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

# संगठनात्मक मजबूती का कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में संगठन के सृजन कार्यक्रम के तहत मंडल व सेक्टर के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक बुधवार 6 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे से तहसील मार्ग स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गयी। सम्पन्न बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी ऋषिकेश उपाध्याय तथा जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भीमराव अंबेडकर तथा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद उपस्थित कांग्रेस नेताओं का सम्मान पार्टी का प्रतीक गमछा व श्रीफल भेंट कर किया गया। बैठक को



बैठक को संबोधित करते विधायक व्यास कश्यप।

ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक व्यास कश्यप, अवधेश गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सुनील साधवानी, विवेक सिंह सिसोदिया, किशन लाल सोनी तथा नागेन्द्र गुप्ता ने संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने व इसमें कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय करने पर जोर देते हुए भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र तथा राज्य में कुशासन को आम जनता के समक्ष उजागर करने पर बल दिया। वक्ताओं ने मुखर होकर भाजपा के कारनामों और जनता से किये गये वादों को पूरा न करने को लोगों के समक्ष दमदारी से प्रस्तुत कर कांग्रेस को मजबूत करने की बात कही। इसके अलावा मंडल व सेक्टर अध्यक्षों की नियुक्ति के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गयी। कार्यक्रम का संचालन सुनील साधवानी तथा आभार प्रदर्शन अनिल मोदी ने किया। बैठक में कृष्णा राव भूरे, हरदयाल सिंह तंवर, श्रीमती शांति सोनी, पार्षद हरीश पांडेय, किशन लाल सोनी, सेवक देवांगन, अंजली देवांगन, पवन साहू, गिरधर देवांगन, पवन आर्य, डुग्गुराम प्रधान, रंजन कैवत्र्य, गोविन्द राम देवांगन, शर्मिष्ठा कंसारी, परदेशी केंवट, मिर्जा समद बेग, रामबाई स्वर्णकार, राजू शर्मा, पंकज शुक्ला, राज अग्रवाल, राकेश शर्मा, राजू शर्मा, जमुना राठौर, राज अग्रवाल, बलवीर सिंह ढिल्लो, विपिन देवांगन, गोविन्दा वैष्णव, अनिता प्रकाश, विष्णु गाड़ा, राम साधवानी, श्याम लाल देवांगन, कविता देवांगन, ईतवारी यादव, लक्ष्मीन बाई सहित कांग्रेस जन मौजूद थे।

